दिन– मंगलवार दिनांक– 13/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– नवाचार विचारों, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पहले चरण की शुरूआत सोलह जनवरी को पश्चिम चम्पारण जिले से होगी।

03. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में एक फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी।

04. और, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यालय अध्यापकों और विशिष्ट शिक्षकों की प्रोन्नति में नियोजित शिक्षक के रूप में किये गये उनकी कार्यावधि की भी गणना होगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंन कहा कि नवाचार विचारों, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है। श्री मोदी ने कहा कि दो हजार सैंतालीस में जब देश स्वतंत्रता के एक सौ वर्ष पूरे करेगा, तब वह आज के युवाओं के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होगा।

———बाईट———

साल 2047 में जब हमारी आजादी के सौ साल होंगे, वहां तक की यात्रा भारत के लिए भी अहम है और यही वो समय है, जो आपके जीवन में भी सबसे महत्वपूर्ण है। आपका सामर्थ भारत का सामर्थ बनेगा। आपकी सफलता भारत की सफलता को नई ऊंचाईयां जरूर देगी। मैं आप सभी को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में सहभागिता के लिए बहुत बधाई देता हूं।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में कानून का राज बनाये रखने में पुलिस अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पटना में दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुये कहा कि एक जवाबदेह पुलिस ही कानून के शासन को मजबूती से लागू कर सकती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने साईबर अपराध और सुरक्षा इकाई का शुभारंभ किया। साथ ही मद्य निषेध और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो इकाई की भी शुरूआत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिक्ता और अपराध पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

———बाईट———

इधर, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सम्मेलन को लेकर कहा कि इसमें भविष्य की पुलिसिंग और चुनौतियों पर मंथन हो रहा है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा सोलह जनवरी को पश्चिम चम्पारण जिले से शुरू होगी। मंत्रिमंडल विभाग ने यात्रा का कार्याक्रम जारी कर दिया है। पहले चरण में यह यात्रा सोलह से चौबीस जनवरी के बीच होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री पूर्वी चमपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली में लोगों से संवाद करेंगे। वहीं, प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी लेंगे। कैबिनेट विभाग ने यात्रा को लेकर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश भेज दिये हैं। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा को लेकर समाहरणालय सभागार में तैयारी बैठक की गयी। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रमंडल में चलायी जा रही सात निश्चय दो के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। साथ ही सात निश्चय तीन के तहत प्रस्तावित कार्यों का मूल्यांकन किया गया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय की अधिसूचना के अनुसार ये बैठक मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में पूर्वाह्न ग्यारह बजे शुरू होगी। नव वर्ष में राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक है। समृद्धि यात्रा के ठीक पहले आयोजित होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित किय जाने की सम्भावना है।

———————————————————————————

केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस पहली फरवरी को प्रस्तुत किया जाएगा। संसद का बजट सत्र अट्ठाईस जनवरी से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दौरान तीस बैठकें होंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में कहा कि लोकसभा में बजट सुबह ग्यारह बजे पेश किया जाएगा। बजट सत्र के आरंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपना अभिभाषण देंगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का यह नौवां बजट होगा।

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यालय अध्यापकों और विशिष्ट शिक्षकों की प्रोन्नति में उनके द्वारा नियोजित शिक्षक के रूप में किये गये कार्यावधि की भी गणना होगी। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव

दिनेश कुमार ने बताया कि इससे शिक्षकों को सेवा निरंतरता का भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय का लाभ लगभग ढ़ाई लाख शिक्षकों को होगा।

———————————————————————

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि सात निश्चय तीन के तहत ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण दो लेन में होगा। इसके लिए एप के माध्यम से इस माह के अंत तक सर्वे का काम पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत नौ सौ नौ पुल बनाये जाने हैं। इसके लिए चार हजार सात सौ चौवालीस करोड़ रूपये की मंजूरी दी गयी है। श्री चौधरी ने कहा कि जर्जर पुलों की जगह पर नये पुलों का निर्माण और टोलों तथा बसावटों को सम्पर्कता देने के लिए पुल—पुलियों को निर्माण किया जा रहा है।

———————————————————————

पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि मुम्बई—पुणे एक्सप्रेस—वे की तर्ज पर बिहार में पांच एक्सप्रेस—वे बनाये जायेंगे। अररिया जिले के फारबिसगंज में पत्रकारों से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल विछाया जायेगा और इसके लिए मास्टर रोड मैप तैयार किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही रोड मेंटेनेंस पर पॉलिसी बनायेगी ताकि सड़कों का रख—रखाव बेहतर किया जा सके।

———बाईट———

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली। हालांकि सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम के समय कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाइट———

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू की देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्यौहार देश की समृद्ध कृषि परंपराओं का प्रतीक हैं और राष्ट्रीय एकता की भावना दर्शाते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में मनाए जाने वाले ये त्यौहार प्रकृति

के प्रति सामूहिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि समाज में प्रेम और एकजुटता की भावना और अधिक मजबूत होगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने एक करोड़ सोलह लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों के दिसम्बर दो हजार पच्चीस की पेंशन भुगतान के लिए एक हजार दो सौ नवासी करोड़ रूपये जारी किये हैं। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के बैंक खाते में किया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक पेंशन, सामाजिक न्याय और आर्थिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश बिहार विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने नई दिल्ली में श्री बिरला और श्री हरिवंश से अलग—अलग मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं को समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। समारोह सात और आठ फरवरी को पटना में आयोजित होगा।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया नया विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण), विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, मनरेगा की कमियों को दूर करता है और ग्रामीण मजदूरों तथा किसानों को फायदा पहुंचाता है। उन्होंने रांची में कहा कि कांग्रेस नई योजना के बारे में लोगों के बीच भ्रम फैला रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नई योजना भ्रष्टाचार तथा लीकेज को रोकेगी और जवाबदेही में सुधार करेगी। इधर, प्रदेश के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने अररिया में कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पर विरोधी दल अनावश्यक विवाद कर रहे हैं।

———————————————————————

अब खेल से जुड़ी खबरें.....

नई दिल्ली में तेरह से पन्द्रह जनवरी तक आयोजित होने वाली उनतालीसवीं राष्ट्रीय ताईक्वांडो सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है। प्रतियोगिता के तहत क्योरूगी स्पर्धा के बालक वर्ग के ग्यारह जबकि बालिका वर्ग में बारह खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में पुदुचेरी को पराजित कर बिहार की टीम क्वार्टरफाईनल में पहुंच गयी है। बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव

ब्रज किशोर शर्मा ने बताया कि बिहार ने राजस्थान और हरियाणा को भी बड़े अंतर से हरा कर जीत का क्रम जारी रखा है।

जहानाबाद के उमंग कुमार का चयन राज्य अन्डर फोर्टीन क्रिकेट टीम में हुआ है। जिलाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा और जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, दो हजार पच्चीस के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल प्रशासन –राष्ट्रीय खेल निकाय नियम, दो हजार छब्बीस अधिसूचित किया हैं। ये नियम उत्कृष्ट प्रतिभा वाले खिलाड़ियों को शामिल करने, आम सभा और कार्यकारी समिति की संरचना, चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय खेल निकायों तथा क्षेत्रीय खेल संघों के सदस्यों के लिए अयोग्यता मानदंडों के लिए अवसंरचना प्रदान करते हैं।

———————————————————————

अररिया जिले का छत्तीसवां स्थापना दिवस कल मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली जायेगी और मैराथन दौड़ का आयोजन होगा।

———————————————————————

किशनगंज के ऐतिहासिक खगड़ा मेला की शुरूआत हो गयी है। जिलाधिकारी विशाल राज ने इस राजकीय मेले का उद्‌घाटन किया।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियांगज में बिजली विभाग की छापेमारी में एक दर्जन से ज्यादा लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन सभी आरोपियों की बिजली सप्लाई काट दी गयी है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा पर लिखा है– हथियार, सेमीकंडक्टर बनाने में जर्मनी साथ देगा।

दैनिक जागरण ने मुख्मंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– ईमानदारी और कड़ाई से अपराध नियंत्रण का काम करें पुलिस अफसर।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर का शीर्षक दिया है– पांच दिनों तक साफ रहेगा मौसम, बीस से बढ़ेगी ठंड, बारिश भी होगी।

प्रभात खबर क्रिकेट की खबर पर लिखता है– टी–ट्वेंटी विश्व कप, बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे मैच।

आज अखबार लिखता है– अमरकांत सिंह बने पूर्णिया विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है– मिशन विफल, कक्षा में नहीं पहुंच सका अन्वेषा उपग्रह।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– नवाचार विचारों, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पहले चरण की शुरूआत सोलह जनवरी को पश्चिम चम्पारण जिले से होगी।

03. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में एक फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी।

04. और, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यालय अध्यापकों और विशिष्ट शिक्षकों की प्रोन्नति में नियोजित शिक्षक के रूप में किये गये उनकी कार्यावधि की भी गणना होगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।